रीति विधान और अनुमानों में संशोधन संबंधी टिप्पणियां

विभिन्न समाहारों के आकलन में अपनाए गए आंकड़ा आधार तथा रीति विधान दोनों की व्यापक समीक्षा के बाद 5 मार्च, 2010 को जारी "राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी नई अंकमाला" (आधार वर्ष 2004-05) नामक एक विवरणिका के जरिए राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी संबंधी मौजूदा अंकमाला प्रारंभ की गई थी । राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) के इस अंक में प्रस्तुत किए गए अनुमान ऊपर उल्लिखित विवरणिका में दिए गए रीतिविधान पर आधारित हैं ।

वृहद आर्थिक समाहारों, घरेलू उत्पाद, उपभोग, बचत तथा पूंजी निर्माण, सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहारों तथा असमाहारित विवरणों संबंधी सामान्य विवरणियों के अलावा इस अंक में पांच विशेष विवरण शामिल हैं । विवरण एस-।.। और एस-1.2 में प्रचलित व स्थायी (2004-05) मूल्यों पर वृहद आर्थिक समाहार प्रस्तुत किए गए हैं । विगत की भांति, विवरण एस-2 विभिन्न संस्थाओं की लेखा बहियों में उपलब्ध कराए गए मूल्यह्रास को दर्शाता है । विवरण एस-3 में लागत उत्पादन संव्यवहार सारणियों हेतु विशेष रुप से तैयार किए गए लागत उत्पादन अनुपातों का उपयोग करते हुए पशुधन क्षेत्र से उत्पादन तथा घरेलू उत्पाद मूल्य दर्शाया गया है । विशेष विवरण एस-4, एस-5, तथा एस-6 में प्रचलित और स्थिर (2004-05) मूल्यों पर वर्ष 2012-13 के लिए बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद के अग्रिम, तिमाही अनुमान और जीडीपी व्यय के तिमाही अनुमान दिए गए हैं ।

नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण अनुमानों में किए गए संशोधनों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

नए/संशोधित आंकड़ों के कारण अनुमानों का संशोधन

नए/संशोधित आंकड़ों के उपलब्ध होने के कारण एनएएस 2012 में प्रकाशित वृहद आर्थिक समाहारों तथा उनके पृथक-पृथक घटकों के पिछले वर्षों के प्रथम संशोधित (पूर्व में "त्वरित" से संदर्भित) अनुमानों तथा अनुमानों में संशोधन किया गया है । अनुमानों के संशोधन हेतु प्रयोग किए गए आंकड़ों के स्रोत नीचे दिए गए हैं-

क: देशीय उत्पाद

1. कृषि

1.1 फसलों के समस्त भारत के अंतिम अनुमान 2010-11 एवं 2011-12 ।

1.2 भूमि उपयोग सांख्यिकी- फसलाधीन क्षेत्र- 2009-10, 2010-11 तथा राज्यों से प्राप्त आंकड़े ।

1.3 पशुपालन और डेयरी विभाग, कृषि मंत्रालय से प्राप्त दूध, अण्डे और ऊन उत्पादन के 2010-11 और 2011-12 तक के संशोधित अनुमान।

1.4 राज्य सरकारों से प्राप्त वर्ष 2009-10 से 2010-11 के लिए मांस उत्पादन के संशोधित अनुमान ।

1.5 राज्य सरकारों से प्राप्त 2010-11 और इससे आगे के वर्षों के कृषिगत वस्तुओं और पशुधन उत्पादों के मूल्यों के संशोधित आंकड़े ।

2. वानिकी एवं लट्ठे बनाना

प्रधान मुख्य वन संरक्षक/राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त 2009-10 एवं 2010-11 हेतु ईंधन लकड़ी के मूल्यों संबंधी आंकड़े तथा औद्योगिक लकड़ी एवं गौण वन उत्पादों के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

3. मत्स्यन

राज्य मत्स्य विभागों, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग, कृषि मंत्रालय और राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त वर्ष 2009-10 से 2011-12 हेतु समुद्री मछली, देशी मछली एवं झींगा के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

4. खनन और उत्खनन

4.1 भारतीय खान ब्यूरो (आई.बी.एम.) द्वारा जारी "मासिक खनिज उत्पादन सांख्यिकी" मार्च, 2012 से खनिज उत्पादन 2010-11 और 2011-12 के आंकड़े ।

4.2 कोल इंडिया लि.एवं इसकी सहायक कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

4.3 कोल डायरेक्टरी आफ इंडिया ।

4.4 तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) से प्राप्त लागत-उत्पादन आंकड़े ।

4.5 नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन से प्राप्त लागत आंकड़े ।

4.6 आई.बी.एम. से प्राप्त 2009-10 हेतु खनिजों के लागत आंकड़े ।

4.7 राज्य भू-विज्ञान विभागों से प्राप्त, गौण खनिजों का उत्पादन 2004-05 से 2011-12 तक ।

4.8 नमक आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त नमक उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े ।

5. विनिर्माण (पंजीकृत)

5.1 के.सां.का., औद्योगिक सांख्यिकी पक्ष कोलकाता से वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, 2004-05 से 2010-11 तक ।

5.2 के. सां. का. से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।

5.3 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से प्राप्त डब्ल्यू. पी. आई.,।

5.4 रक्षा (विनिर्माण इकाई) के बारे में रक्षा मंत्रालय से लागत-उत्पादन आंकड़े ।

5.5 रेलवे वर्कशाप के केन्द्र/राज्य बजट, टकसालों तथा प्रतिभूति मुद्रणालय हेतु सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के वार्षिक लेखे ।

6. विनिर्माण (अपंजीकृत)

6.1 विकास आयुक्त, सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम के कार्यालय द्वारा आयोजित सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम 2006-07 संबंधी चौथी अखिल भारत गणना ।

6.2 एनएसएसओ द्वारा भारत में असंगठित विनिर्माण क्षेत्र संबंधी रिपोर्ट, 2005-06, रिपोर्ट सं.526 (62/2.2/3) ।

6.3 कार्यबल (डब्ल्यू एफ) अनुमानों हेतु एनएसएस/जनगणना ।

6.4 के. सां. का. से औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ।

6.5 आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, उद्योग मंत्रालय से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) ।

7. निर्माण

7.1 क्रम सं. 2 और 5 पर सूचीबद्ध स्रोत ।

7.2 संयुक्त स्टॉक कंपनियों का वित्त, भारतीय रिजर्व बैंक ।

7.3 राज्य अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त बागवानी फसलों पर क्षेत्र संबंधी आंकड़े ।

7.4 सीमेंट विनिर्माता संघों से प्राप्त सीमेंट उपभोग के आंकड़े ।

7.5 ज्वाइंट प्लांट कमेटी से लोहा एवं इस्पात के आंकड़े ।

8. विद्युत, गैस और जल आपूर्ति

8.1 राज्य विद्युत बोर्डों केन्द्र एवं राज्य कम्पनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

8.2 निजी क्षेत्र में विद्युत सृजित करने वाली कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

8.3 अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालयों से पवन ऊर्जा के मूल्य वर्धन संबंधी आंकड़े ।

8.4 गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड की (जीएआईएल) वार्षिक रिपोर्टें ।

8.5 इन्द्रप्रस्थ गैस लि.(आईजीएल) की वार्षिक रिपोर्ट ।

8.6 नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ।

8.7 खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ।

8.8 केन्द्र एवं राज्यों के बजट दस्तावेज ।

8.9 केरल जल प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट ।

9. व्यापार, होटल और जलपान गृह

9.1 2009-10 और उससे आगे के लिए क्रम संख्या 1,2,3,4,5 और 6 पर दर्शाये गये वस्तु उत्पादन क्षेत्रों के उत्पादन के मूल्य में परिवर्तन ।

9.2 2009-10 से आगे के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें ।

9.3 वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएस), वाणिज्य मंत्रालय से वर्ष 2010-11 और 2011-12 के आयात यूनिट वैल्यू के सूचकांक

10. रेलवे, संचार और लोक प्रशासन एवं रक्षा

10.1 2010-11 के लिए वास्तविक आंकड़े एवं वर्ष 2011-12 के लिए संशोधित अनुमान दर्शाते हुए वर्ष 2012-13 के बजट दस्तावेज ।

10.2 वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 के लिए महानगर टेलीफोन निगम लि. (एमटीएनएल), मिलेनियम टेलीकम्युनिकेशन्स लि. (एमटीएल), भारत संचार निगम लिमिटेड (बी.एस.एन.एल) और कोंकण रेलवे एवं डी.एम.आर.सी. का वार्षिक लेखा ।

10.3 निजी संचार के संबंध में 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

11. अन्य साधनों द्वारा परिवहन और भंडारण

11.1 वर्ष 2010-11 के लिये मोटर वाहनों की संख्या संबंधी अतिरिक्त जानकारी ।

11.2 वर्ष 2009-10 से आगे के लिये सड़क, जल और वायु परिवहन गतिविधियों में लगे सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और निजी कंपनियों की अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें ।

11.3 क्रम संख्या 10.1 पर सूचीबद्ध सड़क परिवहन गतिविधियों में लगे अन्य विभागीय उद्यम एवं पत्तन, विमान चालन और प्रकाश स्तंभों संबंधी आंकड़ों के बजट दस्तावेज ।

11.4 केन्द्रीय और राज्य भण्डारगृह निगमों के अतिरिक्त वार्षिक लेखे ।

11.5 मुख्य एवं छोटे पत्तनों पर कारगो की उतराई एवं लदान ।

11.6 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

11.7 वर्ष 2010-11 व इससे आगे के लिये प्रदर्श कम्पनियों का आर. बी. आई. द्वारा अध्ययन |

12. बैंकिंग और बीमा

गैर सरकारी गैर वित्तीय संस्थाओं संबंधी आरबीआई के तीनों अध्ययन उपलब्ध हो जाने के कारण तथा गैर-विभागीय वित्तीय उद्यमों से संबंधित अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टों/लेखाओं की उपलब्धता के कारण भी वर्ष 2010-11 से बैंकिंग और बीमा क्षेत्र के वर्धित मूल्य में संशोधन किया गया है । बीमा गतिविधियों में लगी निजी कंपनियों का विश्लेषण किया गया और इस क्षेत्र में शामिल किया गया है । स्थायी पूंजी की खपत में परिवर्तन के कारण अनुमानों में संशोधन किया गया ।

13. स्थावर संपदा, आवासों का स्वामित्व और व्यापार सेवाएं तथा विधिक सेवा क्षेत्र

13.1 वर्ष 2009-10 से आगे के लिए नेसकॉम से प्राप्त सॉफ्टवेयर उत्पादन के आंकड़े ।

13.2 वर्ष 2009-10 के लिये ए.आई.डी.आई.एस.से स्वामित्व वाली आवास यूनिटों की मरम्मत एवं अनुरक्षण संबंधी आंकड़े ।

13.3 सेवाओं संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

14. अन्य सेवाएं

14.1 सीपीआई(ए एल) एवं सीपीआई (आई डब्ल्यू)।

14.2 सेवा क्षेत्र संबंधी 63वें दौर के आंकड़ों का प्रयोग ।

ख. निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण

15. निजी अंतिम उपभोग व्यय

उत्पादन, स्टॉक में परिवर्तन, निर्यात और आयात आदि के नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2009-10 से आगे के वर्ष के अनुमानों को संशोधित किया गया है । इसके स्रोत भारत के विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी और 1-14, और 17.9 पर सूचीबद्ध स्रोत हैं ।

16. बचत

16.1 आर. बी. आई. से प्राप्त परिवार क्षेत्र के लिए निवल जमा, शेयरों और डिबेंचरों में निवेश, सरकार पर निवल दावे आदि संबंधी संशोधित आंकड़े ।

16.2 वास्तविक परिसंपत्तियों में बचत के अनुमानों में संशोधन हेतु कृपया मद 17 देखें ।

16.3 आर. बी. आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र की बचत संबंधी संशोधित आंकड़े ।

16.4 सहकारी समितियों की बचत को, जी. वी. ए. , व्यपार और विनिर्माण में संशोधन के कारण संशोधित किया गया |

16.5 स्थायी पूंजी उपभोग के अनुमानों के संशोधन और विभागीय उद्यमों एवं बजट दस्तावेजों से प्रशासनिक विभागों, आरबीआई के वार्षिक लेखा विवरणों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नए आंकड़ों की उपलब्धता के कारण 2009-10 से सार्वजनिक क्षेत्र की बचत संशोधित की गई ।

17. पूंजी निर्माण

17.1 क्रम संख्या 5,6,7,8.1,10.1 और 10.2 पर उल्लिखित स्रोत ।

17.2 भारत में विदेश व्यापार की मासिक सांख्यिकी ।

17.3 वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण 2009-10 और 2010-11 तक, के.सां.सं.,आई एस विंग, कोलकाता ।

17.4 आर.बी.आई. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र के पूंजी निर्माण संबंधी संशोधित आंकड़े

17.5 वर्ष 2009-10 से सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजी निर्माण संशोधित आंकड़े ।

17.6 आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक ।

17.7 केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय से प्राप्त औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी)।

17.8 उत्पाद एवं आयात शुल्क – कर और अनुसंधान इकाई, वित्त मंत्रालय से भारत संघ के सीमा शुल्क और राजस्व संग्रह के आंकड़े ।

17.9 निर्यात आयात डाटा बैंक, डीजीसीआईएस, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ।

18. स्थायी पूंजी उपभोग

स्थायी पूंजी उपभोग (सीएफसी) के अनुमान, सकल स्थायी पूंजी निर्माण के अनुमानों में संशोधन और गिरते संतुलन को अपनाने की पद्धति के कारण संशोधित किये गए हैं, जैसा मद 17 पर उल्लेख किया गया है ।

ग. सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार

सार्वजनिक क्षेत्र संव्यवहार संबंधी विवरणों में विभागीय उद्यम और बजट दस्तावेजों से प्राप्त प्रशासनिक विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक लेखों, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), स्वायत्त संस्थानों में सार्वजनिक सेवा में कवर किए गए अनुसंधान और वैज्ञानिक संस्थान, और गैर-विभागीय उद्यमों के वार्षिक लेखों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नये आंकड़ों की उपलब्धता के कारण वर्ष 2009-10 से संशोधन किया गया है ।

घ. संगठित और असंगठित क्षेत्रों की कारक आय

संगठित और असंगठित क्षेत्रों के कारक आय के आकलन की विस्तृत अवधारणाएं ''राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी: सोर्सेज एंड मेथड्स, 2012'' में दी गई हैं ।

.....

मई 2012 में जारी अनंतिम अनुमानों और जनवरी 2013 में जारी प्रथम संशोधित अनुमानों के बीच जीडीपी, 2011-12 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

क्षेत्र	जीडीपी वृद्धि 2011-12		अंतर के कारण
	मई 2012	जन. 2013	
1. कृषि, वानिकी और मत्स्ययन	2.8	3.6	जैसा कि कृषि मंत्रालय ने बताया है इसका कारण खाद्यान उत्पादन में वृद्धि है । 31 मई 2012 को जारी अनुमानों हेतु प्रयुक्त तीसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन 252.5 मिलियन टन के मुकाबले जनवरी 2013 में जारी किये गये अनुमानों हेतु प्रयुक्त चौथे अग्रिम अनुमानों के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन 257.4 मिलियन टन था।
2. खनन तथा खदान कार्य	-0.9	-0.6	प्रमुख तथा लघु खनिजों के बारे में नवीन आंकड़े उपलब्ध होने और प्रमुख तथा लघु खनिजों के इनपुट में संशोधन की वजह से अनुमानों में संशोधन हुआ है । मई 2012 के अनुमान आईआईपी-खनन में देखी गई वृद्धि पर आधारित थे ।
3. विनिर्माण	2.5	2.7	1. जनवरी 2013 में 2011-12 के प्राक्कलन वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण 2010-11 के अनंतिम आंकड़ों पर आधारित थे जबकि मई 2012 के प्राक्कलन विनिर्माण क्षेत्र के आईआईपी पर आधारित थे। 2. फिज़िम के अनुमानों में संशोधन के कारण ।
4. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति	7.9	6.5	राज्य विद्युत बोर्डों/ निगमों की रिपोर्टों एवं राज्य बजट दस्तावेज़ों के विस्तृत विश्लेषण के कारण जनवरी 2013 में अधोगामी संशोधन। मई 2012 के अनुमान बिजली क्षेत्र के आईआईपी में देखी गई वृद्धि पर आधारित थे ।
5. निर्माण	5.3	5.6	स्रोत एजेंसियों से संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण उर्ध्वगामी संशोधन।
6 व्यापार, होटल, परिवहन, भंडारण तथा संचार	9.9	7.0	जिन्स उत्पादन करने वाले क्षेत्रों के जीवीओ में संशोधन।
7. वित्तीय, बीमा, जमीन जायदाद और कारोबार सेवाएं	9.6	11.7	बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र पर विस्तृत आंकड़ों के विश्लेषण के कारण ।
8. सामुदायिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सेवाएं	5.8	6.0	बजट दस्तावेजों से राजस्व व्यय पर आधारित पिछले अनुमानों की तुलना में केंद्र तथा राज्य सरकारों के संशोधित बजट अनुमानों का उपयोग करके किए जा रहे विस्तृत विश्लेषण की वजह से अनुमानों में संशोधन ।
9. कारक लागत पर जीडीपी (1 से 9)	6.5	6.2	-----

जनवरी 2012 में जारी प्रथम संशोधित अनुमानों और जनवरी 2013 में जारी अनुमानों के बीच जीडीपी, 2010-11 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

क्षेत्र	जीडीपी वृद्धि 2010-11		अनुमानों में अंतर के कारण
	जन. 2012	जन. 2013	
1. कृषि	7.8	8.8	राज्यों के डीईएस से कृषि तथा पशुधन उत्पाद में नवीनतम आंकड़ों की उपलब्धता की वजह से संशोधन
2. वानिकी और चिरान	2.9	2.2	राज्यों के डीईएस से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के कारण।
3. मत्स्ययन	3.0	5.4	राज्यों के डीईएस एवं मत्स्ययन विभाग, कृषि मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के कारण ।
4. खनन तथा खदान कार्य	5.0	4.9	मामूली संशोधन ।
5. पंजीकृत विनिर्माण	7.8	10.9	एएसआई 2010-11 के अनंतिम निष्कर्ष उपलब्ध होने की वजह से ऊपर की ओर संशोधन ।
6. अपंजीकृत विनिर्माण	7.1	7.2	मामूली संशोधन ।
7. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति	3.0	5.2	जनवरी 2012 में जारी प्रथम संशोधित अनुमान वृद्धि दर पर आधारित थे। जनवरी 2013 में तैयार अनुमान राज्य विद्युत बोर्डों/निगमों के वार्षिक लेखा एवं राज्य बजट दस्तावेज़ों के विश्लेषण पर आधारित हैं।
8. निर्माण	8.0	10.2	2010-11 हेतु वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण के परिणामों का प्रयोग।
9. व्यापार	9.1	11.5	मूल्य वर्धन में 5% की वृद्धि के कारण जी. टी. आई. सूचकांक में वृद्धि (मुख्यतया विनिर्माण (पंजीकृत) में संशोधन - 8% की वृद्धि के कारण)।
10. होटल तथा रेस्तरॉ	7.7	10.8	मूल्य वर्धन में 5% की वृद्धि के कारण जी. टी. आई. सूचकांक में वृद्धि (मुख्यतया विनिर्माण (पंजीकृत) में संशोधन - 8% की वृद्धि के कारण)।
11. रेलवे	6.8	5.9	अद्यतित सूचकांकों के कारण संशोधन ।
12. अन्य जरियों से परिवहन	8.4	8.2	यंत्रीकृत मात्रा सूचकांक, माल उतराई और लदान के सूचकांक, निजी एयर लाईस के यात्री एवं माल वहन की वृद्धि दर एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में परिवर्तन की वजह से
13. भंडारण	7.9	2.2	सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों, भंडारण सूचकांक, फिज़िम सूचकांक एवं फिज़िम की वजह से परिवर्तन ।
14. संचार	27.2	25.4	1. अद्यतित सूचकांकों के कारण संशोधन । 2. आर. बी. आई. की कोरपोरेट वृद्धि दर में गिरावट के कारण ।
15. बैंकिंग तथा बीमा	14.5	14.9	कुछ अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्टें प्राप्त होने की वजह से
16. जमीन जायदाद, आवासों का स्वामित्व, कारोबार तथा लीगल सेवाएं	6.9	6.0	निजी निगम वृद्धि दर, नेसकॉम से प्राप्त सॉफ्टवेयर निर्यात एवं घरेलू सॉफ्टवेयर के उत्पादन के आंकड़ों में परिवर्तन , आवासों के स्वामित्व से सकल मूल्य वर्धन (ग्रामीण) में गिरावट एवं मरम्मत व रखरखाव (शहरी) में संशोधन के कारण ।
17. लोक प्रशासन तथा रक्षा	1.3	0.0	'संशोधित अनुमान' के स्थान पर 'वास्तविक अनुमानों' के उपयोग के कारण।
18. अन्य सेवाएं	7.3	8.0	शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में संशोधन की वजह से।
19. कारक लागत पर जीडीपी	8.4	9.3	-----

जनवरी 2012 में जारी अनुमानों और जनवरी 2013 में जारी अनुमानों के बीच जीडीपी, 2009-10 में वृद्धिदर में संशोधन के कारण

क्षेत्र	जीडीपी वृद्धि 2009-10		अनुमानों में अंतर के कारण
	जन. 2012	जन. 2013	
1. कृषि	0.7	0.4	चर्चा के दौरान राज्य डीईएस से प्राप्त वस्तविक आंकड़ों पर आधारित
2. वानिकी और चिरान	2.8	2.9	चर्चा के दौरान राज्य डीईएस से प्राप्त वस्तविक आंकड़ों पर आधारित
3. मत्स्ययन	3.0	3.2	चर्चा के दौरान राज्य डीईएस से प्राप्त वस्तविक आंकड़ों पर आधारित
4. खनन तथा खदान कार्य	6.3	5.9	प्रमुख तथा लघु खनिजों के इनपुट में संशोधन की वजह से अनुमानों में अधोगामी संशोधन है ।
5. पंजीकृत विनिर्माण	11.7	14.1	एएसआई 2009-10 के अंतिम निष्कर्ष उपलब्ध होने की वजह से ऊपर की ओर संशोधन ।
6. अपंजीकृत विनिर्माण	5.4	5.4	संशोधन नहीं ।
7. बिजली, गैस तथा जलापूर्ति	6.3	6.2	मामूली संशोधन ।
8. निर्माण	7.0	6.7	लौह, स्टील एवं इमारती लकड़ी के उत्पादन की संशोधित मात्रा के प्रयोग की वजह से मामूली गिरावट ।
9. व्यापार	8.3	8.5	वानिकी, मत्स्ययन एवं विनिर्माण (पंजीकृत) के सकल उत्पादन में वृद्धि के कारण जी टी आई सूचकांक में वृद्धि एवं अंशतः संशोधित एम एस अनुपातों के कारण। आयात में मामूली वृद्धि (0.5%) भी।
10. होटल तथा रेस्तरॉं	2.8	1.9	निजी निगमित क्षेत्र के हिस्से के प्राक्कलन हेतु प्रयुक्त आर. बी. आई. की कोरपोरेट वृद्धि दर में गिरावट ।
11. रेलवे	9.4	8.8	अद्यतित सूचकांकों के कारण संशोधन ।
12. अन्य जरियों से परिवहन	7.2	7.3	माल उतराई और लदान के सूचकांक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों में संशोधन की वजह से।
13. भंडारण	8.7	19.3	सार्वजनिक क्षेत्र के अनुमानों, भंडारण सूचकांक, फिज़िम सूचकांक एवं फिज़िम में संशोधन ।
14. संचार	31.7	31.5	अद्यतित सूचकांकों के कारण संशोधन ।
15. बैंकिंग तथा बीमा	11.3	11.4	मामूली संशोधन ।
16. जमीन जायदाद, आवासों का स्वामित्व, कारोबार तथा लीगल सेवाएं	7.8	8.3	निजी निगम वृद्धि दर, नेसकॉम से प्राप्त सॉफ्टवेयर निर्यात एवं घरेलू सॉफ्टवेयर के उत्पादन के आंकड़ों में परिवर्तन , आवासों के स्वामित्व से सकल मूल्य वर्धन (ग्रामीण) एवं मरम्मत व रखरखाव (शहरी) में वृद्धि के कारण ।
17. लोक प्रशासन तथा रक्षा	18.2	17.6	एसडीपी अनुमानों के बारे में विचार विमर्श की वजह से संशोधन
18. अन्य सेवाएं	7.2	7.2	कोई बदलाव नहीं
19. कारक लागत पर जीडीपी	8.4	8.6	-----